दिन– रविवार | दिनांक– 03 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य में मतदाता प्रारुप सूची के प्रकाशन के बाद लोगों से दावे आपत्तियों के आवेदन लिए जा रहे हैं। प्रखंड कार्यालय, नगर निकाय के कार्यालयों और अंचल कार्यालय में विशेष शिविर लगाकर आवेदन लिए जा रहे हैं। एक अगस्त को मतदाता प्रारूप सूची का प्रकाशन किया गया था। इसमें सात करोड़ चौबीस लाख से अधिक मतदाताओं के नाम प्रकाशित किए गए हैं। आयोग ने कहा है कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम शामिल होने से छूट गए हैं वह आवेदन देकर अपने नाम जुड़वा सकते हैं।

———————————————————————————————

राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता प्रारूप सूची से हटाए गए लोगों का कारण बताने का मांग की है। श्री यादव ने आज पटना में कहा कि आयोग को बताना चाहिए की किस प्रक्रिया को अपना कर मृत और स्थानांतरित लोगों के नाम हटाए गए हैं।

———————————————————————————————

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय कुमार झा ने तेजस्वी यादव पर बिहार और देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री झा ने पटना मे कहा कि मतदाता प्रारूप सूची में तेजस्वी यादव का नाम होते हुए भी उन्होंने आयोग पर झूठा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आयोग को बदनाम करने की साजिश है।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डॉ अशोक राम आज जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गये। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उन्हें आज पटना में पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में पार्टी की सदस्यता दिलाई। डॉ अशोक राम कांग्रेस नेतृत्व से असंतुष्ट चल रहे थे।

---

प्रदेश के अधिकत्तर हिस्सों में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों तक उत्तर–बिहार के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। विभाग ने आज पटना, नवादा, रोहतास, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, किशनगंज, भागलपुर और समस्तीपुर जिलों के कई स्थानों में अत्यधिक बारिश की सम्भावना जतायी है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात की भी आशंका है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में बाढ़ की स्थिति को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर अलर्ट मोड में रहने को कहा है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो सौ से अकिध प्रखंडों में पच्चीस मिलीमीटर या इससे अधिक बारिश दर्ज की गई है।

---

राज्य में जमुई, बांका और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त–व्यस्त है। जमुई जिले में पिछले चौबीस घंटे के दौरान गिद्धौर और झाझा में एक सौ अस्सी मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई। अति भारी वर्षा के चलते जगह–जगह जल जमाव देखा जा रहा है। जमुई के झाझा में स्थानीय बरसाती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण एक पुराना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके चलते लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। जिले के कई प्रखंडों के बीच आपसी संपर्क भी टूट गया है। बांका जिले में भी चांदन, ओढ़नी सहित अन्य बरसाती नदियां उफान पर है। केंद्रीय जल आयोग ने बांका के अहीरो क्षेत्र में भीषण बाढ़ की चेतावनी जारी की है। इधर लखीसराय में भी भारी बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित है। गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

———————————————————————————————

समाप्त